एनडी/गेल/सेक्ट/2016 जून 13, 2016

लिस्टिंग विभाग
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
मंजिल 1, पी.जे.टॉवर, दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400 001

प्रिय महोदय,

"गेल से सहायता प्राप्त 55 विद्यार्थियों ने आईआईटी में प्रवेश किया" नामक प्रैस विज्ञप्ति की प्रति इसके साथ संलग्न है।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड कार्रवाई हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति :

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400 051

2. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल से सहायता प्राप्त 55 छात्र को आईआईटी में प्रवेश मिला

- 94 छात्रों ने आईआईटी की मुख्य परीक्षा में सफलता प्राप्त की
- अब तक 414 गेल उत्कर्ष छात्र प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश ले चुके हैं।
- इस समय इनमें से 180 छात्र देश के विभिन्न संगठनों में कार्यरत हैं।

नई दिल्ली, 13 जून 2016 गेल (इंडिया) लिमिटेड की सीएसआर पहल उत्कर्ष सुपर-100 के तहत प्रशिक्षण प्राप्त 55 छात्रों ने इस वर्ष की जेईई एडवांस परीक्षा में सफलता हासिल की है। सीएसआर के सहयोग से चलाए जा रहे गेल उत्कर्ष सुपर 100 के तहत आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग के छात्रों को एक वर्ष की अवधि के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग और शिक्षा प्रदान की जाती है। यह प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाता है जिससे कि गरीब परंतु मेधावी छात्रों को इसका लाभ मिल सके। छात्रों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार की कठिन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है और उन्हें श्री अभयानंद (सेवानिवृत्त आईपीएस), पूर्व डीजीपी, बिहार और सुपर-30 पटना के सह-संस्थापक के शैक्षिक मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

2009 में शुरु किए गए गेल उत्कर्ष सुपर-100 ने अब तक 414 छात्रों को प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश दिलाने में मदद करके उनके और उनके परिवार के जीवन का कायाकल्प कर दिया है। यह पहल उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के दिहाड़ी मजदूरों, किसानों, सब्जी विक्रेताओं, सुरक्षा गार्डों आदि के अत्यंत गरीब परिवारों से आने वाले मेधावी छात्रों के सपनों को साकार करने वाली अनेक प्रेरक कहानियों की साक्षी है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद इनमें से ज्यादातर छात्र प्रतिष्ठित संगठनों में कार्यरत हैं और भारत की प्रगति गाथा में अपना योगदान कर रहे हैं।

87% से भी अधिक की सफलता दर के साथ गेल उत्कर्ष सुपर 100 वर्ष दर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है और समाज के कमज़ोर वर्ग की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।